मेरा माखन लूटा री यशोदा तेरे लाला ने

मेरा माखन लूटा री यशोदा तेरे लाला ने,
मेरा माखन मेरा माखन लुटा

मैं रखवाली बैठ के देखु करता कौन है चोरी,
ग्वालो के संग आये कन्हियान घर में चोरी चोरी,
मैं जो पीछे भागी उसके मटकी ले गया मोरी,
माखन खाये आंख दिखाए वो करता सीना चोरी,
मेरा छीका तोडा री यशोदा तेरे लाल ने,
मेरा माखन लूटा री यशोदा तेरे लाला ने,

संग सखायो के वो आये,
झट छीको चढ़ जाये मैं तो तंग बेई,
छलियाँ से मेरे हाथ न आये,
माखन खाये और खिंडाये,
मुझको खूब सिताये,
कौन घडी आ जाए किदर से इसका पार ना पाए,
मेरी गगरी तोड़ी री यशोदा तेरे लाल ने
मेरा माखन लूटा री यशोदा तेरे लाला ने,

मीठी मीठी बात मिलाये मंग मंग मुस्काये,
मुरली की जब तान सुनाये सब के मन चढ़ जाए,
सवाली सूरत मोहनी मूर्त सब के मन को भाये,
ग्वाल बाल गोप गोपियाँ सब को नाच नाचए,
मेरी मटकी तोड़ी री यशोदा तेरे लाल ने
मेरा माखन लूटा री यशोदा तेरे लाला ने,

लीला ऐसी रची श्याम ने मन इस में रम जाए,
लक्ष्मी वर्धन रमा है इसमें उसका ध्यान लगाए,
धन्य हो गई गोकुल नगरी यहाँ पे मोहन आये,
बाल रूप में मिह लिया सब को इसा खेल दिखाए,
दिल सबका लुटा रे यशोदा तेरे लाल ने,
मेरा माखन लूटा री यशोदा तेरे लाला ने,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/6866/title/mera-makhan-luta-ri-yashoda-tere-laal-ne

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |